तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिषीयन्स जज	नं0 व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
13.3.19	अभिभाषक अपीलान्ट श्री नायबसिंह एवम् रेस्पोन्डेंट सं0 2 व 4 के अभिभाषक श्री विजयकुमार उपस्थित । अभिभाषक अपीलान्ट ने अपीलान्ट दलवीरसिंह पुत्र अजमेरसिंह जाति जटसिख निवासी अक्कावाली तहसील जिला श्रीगंगानगर की ओर से प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर निवेदन किया है कि अपीलार्थी एवम् रेस्पोन्डेंट्स का आपस में राजीनामा हो गया है, इसलिए अपीलान्ट अब यह अपील आगे चलाना नहीं चाहता है । अतः अपीलार्थी की अपील जरिये विड्रा खारिज फरमाई जावे। हमने पत्रावली का अवलोकन किया । यह अपील न्यायालय तहसीलदार (भू0अ0) श्रीगंगानगर द्वारा रिमाण्ड प्रकरण सं0 9/2015 अनवान दलबीरसिंह बनाम मुखत्यारकौर में पारित किये गये निर्णय दिनांक 12.1.2018 के विरुध्द अपीलान्ट द्वारा प्रस्तुत होकर इस न्यायालय में विचाराधीन है । अपीलान्ट दलबीरसिंह अपील को आगे चलाना नहीं चाहते हैं तथा जरिये विड्रा खारिज करवाना चाहते हैं । अपीलान्ट के विड्रा प्रार्थना पत्र पर रेस्पोन्डेंट सं0 2, 4 के अभिभाषक द्वारा No objection किया है । अतः यह अपील अपीलान्ट जरिये विड्रावल (Withdrawal) इसी स्तर पर खारिज की जाती है । आदेश की प्रति के साथ अधीनस्थ न्यायालय का रिकॉर्ड वापिस प्रेषित हो । पत्रावली बाद तकमील दाखिल दफ्तर हो । आदेश सुनाया गया । संभागीय आयुक्त बीकानेर	